Hindi

Flying Start for kids

परिवारों और समुदायों के लिए फ़ैक्टशीट (तथ्य-पत्र)

3 साल के बच्चों के लिए प्रीस्कूल

आपके बच्चे के लिए इसका क्या मतलब है

प्रत्येक बच्चे को जीवन में एक उड़ान भरने का मौका देने के लिए, दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की सरकार 2026 से **3 वर्षीय प्रीस्कूल** शुरू कर रही है। इसका अर्थ है कि 2032 आते-आते राज्य भर में सभी 3-वर्षीय बच्चों को प्रति सप्ताह 15 घंटे की शिक्षक-नेतृत्व वाली प्रीस्कूल शिक्षा प्राप्त होगी।

यह किस प्रकार काम करता है

यदि आपका बच्चा किसी ऐसी दीर्घ दिवसीय देखभाल (long day care) में जाता है जिसने सरकार की साझेदारी में तीन वर्षीय प्रीस्कूल प्रदान करने की व्यवस्था की हुई है, तो उसे उसका प्रोग्राम वहाँ पर मिलेगा।

यदि आपका बच्चा किसी ऐसे दीर्घ दिवसीय देखभाल केंद्र में जाता है जिसने सरकार की साझेदारी में तीन वर्षीय प्रीस्कूल प्रदान करने की व्यवस्था नहीं की हुई है, तो आप इस कार्यक्रम की पेशकश करने वाली किसी सरकारी या गैर-सरकारी प्रीस्कूल या दीर्घ दिवसीय देखभाल सेवा में भाग लेने के लिए योग्य हो सकते हैं।

जैसे-जैसे सुधार लागू होते जाएंगे, अधिक स्थान उपलब्ध हो जाएंगे।

यह आपके बच्चे के लिए क्यों महत्वपूर्ण है

एक बच्चे का मस्तिष्क का 90% से अधिक विकास, 5 वर्ष की आयु से पहले ही हो जाता है। ये प्रारंभिक वर्ष बच्चे के आत्मविश्वास, जिज्ञासा और महत्वपूर्ण जीवन कुशलताओं को विकसित करने के लिए उपयुक्त समय होते हैं।

3 साल के प्रीस्कूल से क्या अपेक्षा करनी है

यह नया शिक्षक-नेतृत्व वाला 3-वर्षीय प्रीस्कूल कार्यक्रम खेल-आधारित शिक्षा के इर्द-गिर्द डिज़ाइन किया गया है। इसमें शामिल हो सकते हैं:

- मज़ेदार, उद्देश्यपूर्ण गतिविधियाँ जो सामाजिक कौशल, खोज-विचार और जिज्ञासा को प्रोत्साहित करती हैं
- बच्चों के नेतृत्व वाले समझने के अवसर जो बच्चों को आत्मविश्वासी वक्ता और सम्मिलित शिक्षार्थी बनने में मदद करते हैं
- आत्म-पहचान और भावनात्मक उत्थान-शक्ति विकसित करने के लिए एक सुरक्षित और सहायक वातावरण
- स्वास्थ्य, कुशलता और खोज-विचार को बढ़ावा देने के लिए बाहर खुले में खेले जाने वाले खेल
- ऐबोरीजिनल और अन्य संस्कृतियों का जश्न मनाना।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों और सिखाने वालों तक पहुंच

बचपन की गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा की शुरुआत बेहतरीन शिक्षकों और सिखाने वालों से होती है। यही कारण है कि सरकार शिक्षा मानक बोर्ड (Education Standards Board) के अहम कार्य के साथ-साथ, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और सीखने को समर्थन देने के लिए $96.6 मिलियन (9 करोड़ 66 लाख) का निवेश कर रही है ।

इस निवेश से शिक्षकों को योजनाएं बनाने के लिए अधिक समय, व्यावसायिक शिक्षा-प्रणाली तथा सभी सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

3-वर्षीय प्रीस्कूल सेवाओं के लिए साझेदारी करने से प्रीस्कूल बूस्ट फंडिंग तक पहुंच भी प्राप्त होगी, जो गुणवत्ता और ऐसे साक्ष्य-आधारित कार्यक्रमों और संसाधनों में सहायता करेगी, जो उनकी सेवाओं का उपयोग करने वाले बच्चों और उनके परिवारों की आवश्यकताओं में उनको बेहतरीन सहायता प्रदान करते हैं।

3 वर्षीय प्रीस्कूल रोल-आउट की रूपरेखा

	कहाँ	घंटे	कार्यक्रम	लागत
2026 से 2032 तक	यूनिवर्सल 3 वर्षीय प्रीस्कूल 2026 से, चरणों में शुरू किया जाएगा। राज्य-भर में साझेदार दीर्घ दिवसीय देखभाल सेवाओं, तथा ग्रामीण इलाकों में सरकारी और अन्य सत्रीय प्रीस्कूलों के साथ साझेदारी में इसकी शुरुआत की जाएगी।	वर्ष 2026 से, 3 वर्षीय प्रीस्कूल प्रति सप्ताह 6 से 15 घंटे तक की शिक्षा प्रदान करेगा*, जो कि प्रीस्कूल की क्षमता (स्टाफिंग और बुनियादी ढांचे संबंधी सहूलतों समेत) पर निर्भर करेगा।	गुणवत्तापूर्ण, शिक्षक-नेतृत्व में, खेल-आधारित और आयु-उपयुक्त शिक्षा।	फ़ीस प्रदाताओं द्वारा व्यक्तिगत रूप से निर्धारित की जाएगी। यदि आप प्रीस्कूल को किसी साझेदारी वाले 'दीर्घ दिवसीय देखभाल (long day care) प्रीस्कूल प्रोग्राम' के माध्यम से प्राप्त करते हैं, तो आप कॉमनवेल्थ चाइल्डकेयर सब्सिडी (CCS) का दावा कर सकते हैं।**
2032 से आगे	3 वर्षीय प्रीस्कूल, दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में परिवारों के लिए सभी जगह उपलब्ध होगा।	प्रति सप्ताह 15 घंटे*, प्रति वर्ष 600 घंटे।	गुणवत्तापूर्ण, शिक्षक-नेतृत्व में, खेल-आधारित और आयु-उपयुक्त शिक्षा।	फ़ीस प्रदाताओं द्वारा व्यक्तिगत रूप से निर्धारित की जाएगी। यदि आप प्रीस्कूल को किसी साझेदारी वाले 'दीर्घ दिवसीय देखभाल (long day care) प्रीस्कूल प्रोग्राम' के माध्यम से प्राप्त करते हैं, तो आप कॉमनवेल्थ चाइल्डकेयर सब्सिडी (CCS) का दावा कर सकते हैं।**

*जिन बच्चों को इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है, उनके लिए 30 घंटे तक उपलब्ध होंगे।
**चाइल्डकेयर सब्सिडी के लिए पात्रता राष्ट्रमंडल नीति द्वारा निर्धारित की जाती है।

3-वर्षीय प्रीस्कूल की शुरुआत के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास कार्यालय की वेबसाइट देखें।

earlychildhood.sa.gov.au पर जाएं

Government of South Australia